तापमान

अधिकतम 29.4 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025







## मस्तूरी गोलीकांड : आरोपियों में 2 नाबालिग शामिल

# 100 सीसीटीवी फुटेज खंगालकर पुलिस ने 7 आरोपियों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी में मंगलवार देर शाम हुए गोलीकांड मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। घटना स्थल और आसपास लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों से हमलावरों की पहचान की गई, पुलिस ने मामले में 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिसमें दो नाबालिग हैं। आरोपियों के पास से भारी मात्रा में हथियार जब्त किए गए हैं।

नकाबपोशों द्वारा मस्तूरी में की गई 15 राउंड फायरिंग की गुत्थी बिलासपुर पुलिस ने सुलझा ली है। जमीन की खरीद फरोख्त, अतिक्रमण और राजनैतिक वर्चस्व को लेकर यह कांड हुआ। मंगलवार की शाम मस्तूरी पुराना बस स्टैण्ड चौक पर मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष व उनके रिश्तेदारों पर तीन नकाबपोशों ने जमकर फायरिंग की। इसमें किरारी निवासी किसान चंद्रकांत सिंह व राजू सिंह के हाथ व पैर गोली लगी है। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे इलाके में हड़कंप मचा गया। बताया जा रहा है कि मस्तूरी के नितेश सिंह व मुख्य आरोपी विश्वजीत अनन्त के परिवार के मध्य मस्तूरी क्षेत्र में जमीन के विवाद व राजनैतिक वर्चस्व को लेकर खींचतान चल रही है, दोनों पक्षों पर मस्तूरी तथा सिविल लाइन थाने में अपराध दर्ज हैं। मस्तूरी में गोली कांड करने से पहले आरोपी विश्वजीत अनन्त, नितेश सिंह एवं उसके परिजनों तथा साथियों को जान से मारने की नीयत से अपने भाई तथा अन्य आरोपियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों को यह जानकारी पहले से थी कि नितेश सिंह रोज शाम को मस्तूरी जनपद पंचायत कार्यालय आता है और अपने साथियों के साथ बैठता है, इसलिए आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया है। गोलीकांड की वारदात के बाद पुलिस सक्रिय हुई।पुलिस ने हमलावारों की पहचान के लिए 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाला, इससे उनकी पहचान हो गई। बुधवार को पुलिस ने सभी आरोपियों को पकड़ लिया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल व देशी कट्टा जप्त किया गया है। कार्रवाई में एसीसीयू (सायबर सेल) व थाना मस्तूरी की संयुक्त टीम ने महज 24 घंटे के भीतर ही आरोपियों को पकड़कर बड़ी कामयाबी पाई है।



गोलीकांड के गिरफ्तार किए गए आरोपी। जानकारी देते एसएसपी रजनेश सिंह एवं अन्य अधिकारी।

### घटना में यह आरोपी थे शामिल

1. विश्वजीत अनंत पिता स्व बलराम अनंत उम्र 29 वर्ष गांव मोहतरा मस्तुरी
2. अस्मान उर्फ बलमजीत अनंत पिता स्व. बलराम अनंत उम्र 20 वर्ष
3. चाहत उर्फ विक्रमजीत स्व बलराम अनंत उम्र 19 वर्ष
4. मोहम्मद मुस्तिकीम उर्फ नफीस पिता मोहम्मद मुख्तार उम्र 29 साल भारतीय नगर तैयबा चौक
5. मोहम्मद मतीन उर्फ मोन्टु पिता मोहम्मद मुख्तार उम्र 22 साल अटल आवास कोनी व 2 नाबालिग



### आरोपियों से जब्त सामान

देशी पिस्टल 2 नग, देशी कट्टा 1 नग,मैगजीन 5 नग, जिंदा कारतूस 4 नग। घटना के दौरान मिला 13 नग खाली खोखा (कारतूस), बुलेट 10 नग, मोबाइल फोन 8 नग।

### 3 दिन पहले बनाया था प्लान

आरोपियों ने पुलिस को बताया कि नितेश को मारने के लिए 25 अक्टूबर का दिन निकाला गया, लेकिन यह प्लान पूरा नहीं हो सका। इसके बाद 28 अक्टूबर की शाम 6 बजे आरोपी 2 बाइक पहुंचे। इसके बाद मुख्य सड़क पर लगातार 15 राउंड फायरिंग करते रहे। गोलियों की आवाज से पूरा इलाका थर्रा उठा। नितेश सिंह व उनके साथियों पर हुई अचानक गोलीबारी में नितेश सिंह बच गया, लेकिन राजू सिंह व चन्द्रभान सिंह को गोली लग गई।

### तारकेश्वर पाटले नाम आया सामने

मामले में मस्तूरी क्षेत्र के कांग्रेस नेता तारकेश्वर पाटले का नाम सामने आ रहा है। उसी ने घटना को अंजाम देने के लिए विश्वजीत को 1 लाख रूपए नगद दिए थे, जिससे विश्वजीत ने अन्य आरोपियों को बांट दिया है। बताया जा रहा है कि तारकेश्वर पर पहले भी जमीन विवाद को लेकर कई मामले दर्ज है। पुलिस मामले में उसकी भूमिका की जांच करने की बात कह रही है।

# 7 बजे से 33 केवी लाइन ब्रेकडाउन, 1 बजे बहाल, कई घरों में नहीं पहुंचा पानी



### बारिश में होती है समस्या

दयालबंद में मधुबन मुक्तिधाम के पीछे बिजली का सब-स्टेशन है। इसके बगल में मुनगा बाड़ी है, जिसके बीच से 33 केवी का तार गुजरता है। डालियाँ बड़ी होने के कारण तारों के बीच आ गई हैं। हवा चलने पर बार-बार तार शॉर्ट हो जाता है। बारिश व हवा चलने के दौरान अक्सर फाल्ट की समस्या रहती है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

33 केवी लाइन में आए फाल्ट के कारण दयालबंद, मधुबन, गांधी चौक सहित 1 दर्जन इलाकों में सुबह 7 बजे से बिजली ठप रही। जिसे सुधारने में बिजली विभाग की टीम को 6 घंटे से अधिक समय लगा। इस दौरान कई घरों में पीने का पानी तक नहीं पहुंचा और लोगों को हलाकान होना पड़ा।

बुधवार की सुबह 7 बजे केबल शॉर्ट सर्किट के कारण दयालबंद सब-स्टेशन से बिजली आपूर्ति बाधित हो गई थी। दयालबंद, टिकरापारा, मन्नू चौक सहित कई अन्य क्षेत्रों की बिजली गुल हो गई थी। सुधार कार्य के लिए मधुबन के पीछे स्थित मुनगा बाड़ी के पेड़ों की डालियाँ काटने गए बिजली विभाग के कर्मचारियों को स्थानीय लोगों ने घेर लिया और डालियाँ काटने के लिए चढ़ने वालों को धमकी देने लगे। इस दौरान रहवासियों और अधिकारियों-कर्मचारियों के बीच जमकर विवाद होता रहा, मामले को सुलझाने के लिए पार्षद बंधु मौर्य को बिजली अधिकारियों ने फोन किया, पार्षद की समझाइश के बाद लोग पीछे हटे और कर्मचारियों ने पेड़ की डंगाल काट सप्लाई शुरू कराई।

### केबल शार्ट होने से बंद थी बिजली

केबल शार्ट होने के कारण सुबह से बिजली बंद थी, कर्मचारी फाल्ट ढूंढने गए थे, इस दौरान कुछ विवाद हुआ था, जिससे सुलझा लिया गया और पेड़ों की डंगाल छांटकर सप्लाई शुरू की गई है। इस दौरान काम ज्यादा होने के कारण देरी हुई है।

# फ्लाई एश का प्रदूषण व सड़क की बदहाली, हाईकोर्ट ने एनटीपीसी, एसईसीएल, बाल्को से मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने कोरबा जिले में फ्लाई एश प्रदूषण और सड़कों की जर्जर हालत पर गंभीर रुख अपनाते हुए राज्य सरकार और प्रमुख औद्योगिक इकाइयों को कठोर निर्देश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने स्पष्ट कहा कि, सिर्फ अस्थायी मरम्मत से जनता को राहत नहीं मिल सकती, स्थायी समाधान जरूरी है।

अदालत ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के सचिव को दो सप्ताह के भीतर स्थायी सड़क निर्माण की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। साथ ही बाल्को और एनटीपीसी के सीएमडी को व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया गया है, जिसमें उन्हें यह बताना होगा कि अब तक प्रदूषण नियंत्रण और सड़क सुधार के लिए क्या ठोस कदम उठाए गए हैं। इसके अलावा, नगर निगम कोरबा को भी इस मामले में पक्षकार बनाया गया है ताकि शहरी क्षेत्र में फ्लाई ऐश और सड़क रखरखाव की जिम्मेदारी तय की जा सके। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 14 नवंबर 2025 निर्धारित की है।



- कोर्ट ने कहा- सिर्फ अस्थायी मरम्मत से जनता को राहत नहीं मिल सकती, स्थायी समाधान जरूरी है

### लंबे समय से फ्लाई एश प्रदूषण से जूझ रहा

याचिका के मुताबिक कोरबा, जिसे 'छत्तीसगढ़ की ऊर्जा राजधानी' कहा जाता है, लंबे समय से फ्लाई एश प्रदूषण और सड़कों की बदहाली से जूझ रहा है। थर्मल पावर प्लांट्स और कोयला खदानों से निकलने वाली राख (फ्लाईऐश) के उचित निपटान में लापरवाही के कारण हवा और पानी दोनों प्रदूषित हो रहे हैं। वहीं, भारी वाहनों की आवाजाही और देखरेख की कमी से शहर की सड़कों की हालत बेहद खराब है। इस स्थिति से परेशान होकर स्थानीय नागरिकों ने जनहित याचिका दायर की थी, जिस पर बुधवार को मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने सुनवाई की।

### बुनियादी जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि कोरबा जैसे औद्योगिक क्षेत्र में जनता की बुनियादी जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। सड़कें और स्वच्छ वातावरण नागरिकों का अधिकार हैं। न्यायालय ने फ्लाई ऐश के खुले परिवहन और डंपिंग पर कड़ी नाराजगी जताई और कहा कि यह न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहा है, बल्कि आम लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा है। अदालत ने सभी संबंधित औद्योगिक इकाइयों से यह भी पूछा है कि उन्होंने अब तक फ्लाई एश प्रबंधन और सड़क सुधार के लिए क्या कदम उठाए हैं और क्यों उनके प्रयास "सिर्फ अस्थायी मरम्मत तक" सीमित रहे हैं। अगली सुनवाई में न्यायालय के समक्ष संबंधित विभागों और कंपनियों को अपनी प्रगति रिपोर्ट और भविष्य की कार्ययोजना प्रस्तुत करनी होगी।




## खबर संक्षेप

### धन गुरु नानक देव के प्रकाश उत्सव पर प्रभात फेरी आज

**बिलासपुर।** धन गुरु नानक देव के 556 वें प्रकाश उत्सव पर प्रभात फेरी 30 अक्टूबर को निकाली जाएगी। इसका शुभारंभ सिंधी कॉलोनी दरबार से होगी। जो कि सिंधी कॉलोनी, गोल चौक, संजीवनी अस्पताल, बलराम टॉकीज रूट से धन गुरु नानक दरबार वापस आएगी। इस दौरान समाज के लोगों से इस प्रभात फेरी में शामिल होने का अनुरोध किया गया है। इसकी तैयारी आयोजन समिति द्वारा कर ली गई है।



### श्री रामलला दर्शन योजना : संभाग से 850 और जिले के 225 श्रद्धालु रवाना



**बिलासपुर।** श्री रामलला दर्शन योजना के तहत आज भारत गौरव ट्रेन बिलासपुर संभाग के 850 श्रद्धालु को लेकर अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई। इस विशेष ट्रेन को बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला प्रशासन, छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड के अधिकारी-कर्मचारी एवं रेलवे के कर्मचारी उपस्थित थे। बिलासपुर रेलवे स्टेशन से अयोध्या धाम यात्रा के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं का स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। गाजे बाजे और पारंपरिक नृत्य और तिलक लगाकर भक्तों का स्वागत किया गया। ये श्रद्धालु काशी विश्वनाथ का भी दर्शन करेंगे। दर्शन के लिए जा रहे इन श्रद्धालुओं ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई इस विशेष ट्रेन में बिलासपुर जिले के 225 यात्री भी शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा। जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां ठहरने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण 4 नवंबर से



**बिलासपुर।** विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत आज मंथन सभाकक्ष में निर्वाचन कार्य में संलग्न अधिकारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ निर्वाचन आयोग द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रशिक्षण के माध्यम से पुनरीक्षण के विषय में विस्तार से जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ राज्य में अर्हता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 4 नवम्बर से शुरू होगा। जिला स्तर पर इस कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए व्यापक तैयारियां की गई हैं। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने, आवश्यक सुधार करने तथा मृत अथवा स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपित करने की प्रक्रिया को और अधिक सटीक एवं पारदर्शी बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

## निधन

### लता शर्मा

**बिलासपुर।** बिरकोना निवासी गया विहार न्यू सरकंडा निवासी लता शर्मा का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे स्वर्गीय परमेश्वर प्रसाद शर्मा की पत्नी एवं संजीव व संदीप शर्मा की माता थीं।



### किरण गुप्ता

**बिलासपुर।** टिकरापारा निवासी किरण गुप्ता का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नारियल कोठी मधुबन में किया गया। वे ज्ञानदीप स्पोर्ट्स के संचालक अशोक गुप्ता की पत्नी, कुलदीप और श्रेया गुप्ता की माता थीं।



### सुकमा देवी बोले

**बिलासपुर।** दयालबंद नयापारा निवासी सुकमा देवी बोले पति स्व. कंसी लाल बोले का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार दयालबंद मुक्तिधाम में किया गया। वे योगेश, देवेश और निलेश बोले की माता थीं।



### शशी कला भगत

**बिलासपुर।** जरहाभाठा निवासी शशी कला भगत का 29 अक्टूबर को निधन हो गया। वे 78 वर्ष की थीं। उनकी अंतिम यात्रा 30 अक्टूबर को सुबह 10 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे स्वर्गीय रामकृपाल भगत की पत्नी, श्रीकांत भगत, सूर्यकांत भगत, रजनी, कंचन की माता और सतीश कश्यप की सास थीं।



डॉ सीवी रमन विवि में राष्ट्रीय कार्यशाला

देशभर से आए शिक्षाविद विकसित भारत में आत्मनिर्भर अभियान की भूमिका पर रखेंगे विचार

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति का लक्ष्य व्यक्तित्व विकास और चरित्र निर्माण : कोठारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास छत्तीसगढ़ प्रांत के संयुक्त तत्वाधान में 29 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक तीन दिवसी राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय में किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय कार्यशाला का विषय चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का समग्र विकास तथा विकसित भारत में आत्मनिर्भर भारत की भूमिका है। तीन दिनों तक चलने वाले इस राष्ट्रीय कार्यशाला में देशभर से आए शिक्षाविद और विद्वान ने चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का समग्र विकास तथा विकसित भारत में आत्मनिर्भर अभियान की भूमिका पर अपने विचार रखेंगे।

पहले दिन मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दिल्ली के अतुल कोठारी ने कहा कि स्वतंत्र भारत के बाद अब तक तीन बार राष्ट्रीय शिक्षा नीति का निर्माण हुआ है। 1968, 1986, में जो राष्ट्रीय शिक्षा में नीति बनी थी। उसके बाद 2020 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति तैयार की गई है। इसकी जरूरत इसलिए पड़ी कि 70 साल से जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति थी, वह भारत केंद्रित नहीं थी। इस शिक्षा नीति का निर्माण भारतीयता को केंद्र में रखकर राष्ट्र निर्माण के उद्देश्य से किया गया है। इस शिक्षा नीति का आधारभूत लक्ष्य चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व विकास है। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्र के सामने चरित्र का संकट है, हमें राष्ट्रीय चरित्र का निर्माण करना है। उन्होंने कहा कि देश का निर्माण चरित्रवान नागरिक से ही किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अच्छी आदतें अच्छा व्यवहार ही हमारा मूल्य है ,और जब यह मूल्य हमारे आदत में शामिल हो जाता है। हमें समस्या का निर्माण करने वाले युवा नहीं, समाज की समस्याओं का निवारण करने वाले युवाओं को तैयार करना है।



कार्यशाला के पहले दिन बुधवार को उपस्थित अतिथि।

### हमें अपने आचरण और संस्कारों से जाना जाता है : कुलपति चक्रवाल

अति विशिष्ट सीयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार चक्रवाल ने कहा कि हमें अपने आचरण और संस्कारों से जाना जाता है। संस्कार दो जगह से प्राप्त होते हैं। एक परिवार से और दूसरा समाज से। संस्कार हमें सामूहिक रूप से प्राप्त होता है। स्कूल, कॉलेज, घर परिवार, सत्संग साथियों से हमें संस्कार मिलता है। हमारी संस्कृति और हमारे संस्कार इतनी समृद्ध हैं, कि हमारे देश में सैकड़ो बार आक्रमण के बाद भी हमारे देश की संस्कृति और सभ्यता आज भी बनी हुई है। उन्होंने कहा कि हमें संस्कारवान रहना है। अतिथि परिचय दिलीप केसरवानी ने दिया। विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर के कुलाधिपति डॉ अजय तिवारी ने चरित्र निर्माण और व्यक्तित्व का समग्र विकास के बारे में अपने विचार साझा किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि हम जैसा सोचते हैं, वैसा करते हैं, जैसा करते हैं वैसा बन जाते हैं, और हम जैसा बन जाते हैं ,वही हमारा चरित्र रूप ले लेता है। डॉ सी वी रमन विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अरविंद कुमार तिवारी ने बताया कि हम भारतीय जीवन शैली, छत्तीसगढ़ी जीवन शैली, छत्तीसगढ़ी कौशल को लेकर व्यवहारिक ज्ञान भी युवाओं को प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर विवि की संकुलपति डॉ जयंती चटर्जी, प्रोफेसर ब्रम्हेश श्रीवास्तव, डॉ अनुपम तिवारी आदि मौजूद थे।

### तकनीकी सत्र में इन्होंने रखे अपने विचार

कार्यक्रम में प्रथम सत्र में डॉ दिनेश दवे ने मन के विकार अशांत और चंचल होने और उसे विकार से बचने के तरीके भी बताएं। उन्होंने बताया कि हम मन की विचलता को संगीत सेवा संयम सत्संग और स्वाध्याय से दूर कर सकते हैं। ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि विरासत को साथ में लेकर चलने वाले ही आत्मनिर्भर बनते हैं। हमें भारत की विरासत को साथ में रखना होगा। तभी हम आत्मनिर्भर की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे। बलदाऊ राम साहू ने छत्तीसगढ़ी संस्कृति, छत्तीसगढ़ी जीवन शैली, छत्तीसगढ़ी परंपराओं के विशेष महत्व को सभी से साझा भी किया। डॉ भरत व्यास ने विज्ञान में कोष के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

### आज के ये होंगे वक्ता

30 अक्टूबर को आयोजित कार्यशाला में आचार्य शासकीय महाविद्यालय कोयंबटूर तमिलनाडु संतोष मुतथु, राष्ट्रीय संस्कृत संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष डॉ चांद किरण सलूजा, मध्य भारत प्रांत के प्रान्त संयोजक धीरेंद्र सिंह भदौरिया, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दिल्ली के क्षेत्र सहसंयोजक डॉ अजय तिवारी, सौराष्ट्र विश्वविद्यालय गुजरात की पूर्व कुलपति प्रोफेसर नीलमबारी दवे, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रांत संयोजक दिलीप केसरवानी मुक्त विचार और प्रतिभागी चर्चा करेंगे।

मोदी की गारंटी लागू करने सौंपा ज्ञापन

# कर्मचारी संगठन ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोदी की गारंटी लागू करने की मांग को लेकर प्रांतीय निकाय के आह्वान पर छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बिलासपुर एवं उससे संबद्ध संगठनों के साथ छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा आज भोजनावकाश में रैली निकालकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किए और कलेक्टोरेट पहुंचकर मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपे।

छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष किशोर शर्मा ने बताया कि जनघोषणा में जारी अधिकारी-कर्मचारियों से संबंधित मांगों को मोदी की गारंटी दो वर्ष के पश्चात भी लागू नहीं किए जाने से कर्मचारियों में राज्य शासन के प्रति निराशा एवं आक्रोश व्याप्त है। इससे प्रदेश के कर्मचारियों को बढ़ती महंगाई के दौर में आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है। कंपोजिट बिल्डिंग के प्रांगण में एकत्रित पदाधिकारी को अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष पीआर यादव, जीआर चन्द्रा, किशोर शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किए गए वादों पर सार्थक पहल नहीं किए जाने से आंदोलन के लिए संघ विवश हो रहा है। इन पर शीघ्र सकरात्मक निर्णय लेकर प्रदेश के कर्मचारियों को राहत प्रदान किया जाए। आज के धरना प्रदर्शन में प्रमुख मांगों केन्द्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता 240 दिन के स्थान पर 300 दिनों का अवकाश नगदीकरण, संविदा दैनिक अनियमित कर्मचारियों को नियमित किए जाने, चार स्तरीय वेतनमान देने, शिक्षक-लिपिक एवं विभिन्न संवर्गो के वेतन विसंगति दूर करने के साथ 9 सूत्रीय मांग शामिल है। आज संघ के पदाधिकारी पुराने कंपोजिट बिल्डिंग के प्रांगण में एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां संघ प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। आज के इस प्रदर्शन में पीआर यादव, पवन शर्मा, जीआर चन्द्रा, किशोर शर्मा, अनिल सिंह, हिमाचल साहू, रामकुमार यादव, महेन्द्र तिवारी, संजय बंजारे, राजेन्द्र फाये, दुर्गेश साहू, राजकुमार मिश्रा, आरपी परिहार, राजेश्वर वस्त्रकार, चन्द्रशेखर यादव, विजय श्रीवास, रामचंद्र ध्रुव, मनीष तिवारी, चन्द्रप्रकाश, प्रशांत कोन्हेर, मिर्जा कासिम, अनिल शर्मा, जीआर वस्त्रकार, जगत मिश्रा, ललित पांडेय, राजेन्द्र गुप्ता, पूर्णिमा उपाध्याय, शेफाली पांडेय, रेणुका वंशियार, अशोक बंजारे, संतोषी यादव, अंजली गुप्ता, आरती राजपूत, उषा श्रीवास, आरती चौहान, टीसी साहू, दुर्गेश ठाकुर, शशिभूषण मेरसा, प्रशांत मुकाशे, राजेन्द्र अवस्थी, आकांक्षा साहू, सौरभ दीवान, रामस्वरूप भोई, जलेश्वर साहू आदि शामिल रहे।



मोदी की गारंटी लागू कराने ज्ञापन सौंपते कर्मचारी संघ के पदाधिकारी।

अमित बघेल के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग

# आक्रोशित अग्रवाल समाज ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान श्री राम के वंशज, महाराजा अग्रसेन के खिलाफ अमर्यादित, अशोभनीय टिप्पणी के विरोध में आज बिलासपुर अग्रवाल सभा ने भी रैली निकाल कर विरोध प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन सौंपा। महाराजा अग्रसेन पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले अमित बघेल के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की मांग की है।

अग्रवाल सभा के अध्यक्ष शिव अग्रवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अमित बघेल ने महाराजा अग्रसेन के खिलाफ अशोभनीय एवं अमर्यादित शब्दों का उपयोग करते हुए जानबूझकर टिप्पणी की है। जिससे अग्रवाल सभा में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा की सिंधी समाज के आराध्य देवता के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की गई है। महापुरुष स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय के खिलाफ भी छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अमित बघेल द्वारा अशोभनीय टिप्पणी की गई है। आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करते हुए बयान जारी किया गया है। इसके विरोध में अग्रवाल सभा के सभी पदाधिकारी एवं समाज के सदस्य कलेक्टर एवं एसपी को ज्ञापन देकर दोषी युवक के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अग्रवाल सभा के सचिव सुनील सोथलिया ने कहा है कि छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अमित बघेल ने प्रदेश एवं समाज में धार्मिक वैमनस्यता फैलाने का काम किया है। अग्रवाल सभा ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। मीडिया प्रभारी मनीष अग्रवाल ने कहा कि अमित बघेल पूर्व में भी इस प्रकार की सामाजिक जन भावनाओं को भड़काने का कार्य करते आ रहा है।



कार्रवाई की मांग को लेकर एसपी को ज्ञापन सौंपते अग्रवाल समाज के पदाधिकारी।

### इन्होंने सौंपा ज्ञापन

ज्ञापन सौंपने वालों में शिवकुमार अग्रवाल, सुनील संथालिया, उमेश मुरारका, मनीष अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, चतुर्भुज अग्रवाल, रमेश अग्रवाल, जयप्रकाश मित्तल, राजेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, मुकुंद अग्रवाल, अरुण बजाज, कपिल जाजोदिया, मॉनेल अग्रवाल, श्याम सुंदर जाजोदिया, किशन बुढ़िया, संजय अग्रवाल, पवन अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विकास केजरीवाल, विनोद मित्तल, बलराम जलन, आनंद खेमका, राजू केडिया, सुनील सुल्तानिया, बंटी पोद्दार, सुमित अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अंशुमान जाजोदिया, महेंद्र अग्रवाल, महेश गुप्ता, चंदन अग्रवाल, विनीत मित्तल, अनिल अग्रवाल, जुगल अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, अमित रामपुरिया, अंकित अग्रवाल, अनन्या बजाज, मनित अग्रवाल, विवेक अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, रितेश अग्रवाल, अनुराग अग्रवाल, अतुल बजाज, सुभाष अग्रवाल, दिनेश मुरारका आदि शामिल हैं।

# सिम्स में दोनों पैरों में पोलियो पीड़ित महिला की सफल सर्जरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान (सिम्स) बिलासपुर के डॉक्टरों ने एक अत्यंत जटिल और जोखिमपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। मरीज दोनों पैरों में पोलियो एवं रीढ़ की हड्डी में गंभीर विकृति से पीड़ित थीं, जिसके कारण उनका चलना-फिरना अत्यंत कठिन हो गया था।

- कई निजी अस्पतालों ने किया इनकार, सिम्स की टीम ने स्वीकार की चुनौती और दी नई जिंदगी

पिछले कई महीनों से वे पेट में तेज दर्द और असहनीय तकलीफ झेल रही थीं। महिला ने शहर के कई निजी अस्पतालों में इलाज कराया, परंतु जटिल शारीरिक स्थिति और अत्यधिक जोखिम को देखते हुए किसी ने भी सर्जरी का दायित्व नहीं लिया। अंततः सिम्स के चिकित्सकों ने यह चुनौती स्वीकार की और सफल ऑपरेशन कर एक मिसाल कायम की। जांच के दौरान मरीज के गर्भाशय में लगभग 16 सप्ताह के गर्भ के आकार की बड़ी गांठ (ट्यूमर) पाई गई, जिसे सर्जरी के दौरान सुरक्षित रूप से निकाला गया। यह ऑपरेशन आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क में किया गया है। सर्जरी का नेतृत्व डॉ. संगीता रमन जोगी ने किया। उनकी टीम में डॉ. दीपिका सिंह, डॉ. रचना जैन और डॉ. दीक्षा चंद्राकर शामिल रहीं। एनेस्थीसिया टीम का मार्गदर्शन डॉ. मधुमिता मूर्ति ने किया।



महिला के पेट से निकाला गया ट्यूमर

### इनका रहा सहयोग

टीम में डॉ. भावना रॉयजादा, डॉ. श्वेता कुजूर एवं डॉ. मिल्टन देबर्मन, डॉ सुरभि बंजारे शामिल थे। जिन्होंने चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में भी एनेस्थीसिया को अत्यंत कुशलता से प्रबंधित किया। सर्जरी के उपरांत मरीज की स्थिति पूरी तरह स्थिर है और वह तेजी से स्वस्थ हो रही हैं।

### चुनौती पूर्ण रहा ऑपरेशनः डॉ. मूर्ति

इस अवसर पर सिम्स के अधिष्ठाता डॉ. रमणेश मूर्ति ने कहा कि यह सर्जरी सिम्स संस्थान की चिकित्सा क्षमताओं, विशेषज्ञता और टीमवर्क का उत्कृष्ट उदाहरण है। हमारे चिकित्सक हर चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में मरीजों को सर्वोत्तम इलाज प्रदान करने के लिए समर्पित हैं। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने कहा कि सिम्स बिलासपुर की यह उपलब्धि चिकित्सा क्षेत्र में समर्पण, निष्ठा और उत्कृष्टता का प्रेरक उदाहरण है, जिसने यह सिद्ध किया है कि दृढ़ निश्चय और सामूहिक प्रयास से किसी भी कठिनाई को परास्त किया जा सकता है।

बिजनेस प्लस

### अपनामार्ट में होलसेल रेट का लाभ उठा सकेंगे ग्राहक आज से 6 तक

**बिलासपुर।** शहर के प्रतिष्ठित रिटेल चेन अपनामार्ट का होलसेल हफ़्ता वापस आ गया है। होलसेल हफ़्ता आने से ग्राहकों में एक ख़ुशी की लहर दौड़ गई है। अपनामार्ट के प्रवक्ता अभिषेक सिंह ने बताया कि ग्राहकों को यह सुविधा 30 अक्टूबर से 6 नवंबर तक मिलेगी। इस दौरान ग्राहक होलसेल रेट का लाभ उठा सकेंगे। उन्होंने बताया कि होलसेल हफ़्ता में घर की ज़रूरत का सारा सामान होलसेल रेट पर उपलब्ध होता है। वो भी सिर्फ़ 1000 के बिल पर ग्राहक डेली ज़रूरत का सभी सामान जैसे चावल, दाल, आटा, कॉस्मेटिक्स क्लीनिंग प्रोडक्ट इत्यादि सभी कुछ होलसेल रेट पर ख़रीद सकते हैं। 30 अक्टूबर गुरुवार को साप्ताहिक मालामाल थर्सडे ऑफर भी है। इस ऑफर में आलू और प्याज आधे से भी कम दाम पर उपलब्ध होंगे। श्री सिंह ने सभी लोगो से निवेदन किया है कि इन ऑफर्स का भारी संख्या में लाभ उठाने अपनामार्ट आएं या ऐप से ऑर्डर करें।




एसईसीएल के सीएमडी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को किया रवाना

# एसईसीएल में सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर वॉकथॉन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2025 अंतर्गत 29 अक्टूबर को एसईसीएल में वॉकथॉन का आयोजन किया गया। जिसमें 100 से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों ने रैली में हिस्सा लेकर सतर्कता जागरूकता का संदेश दिया।

रैली को सीएमडी हरीश दुहन, निदेशक (तकनीकी/संचालन) एन. फ्रैंकलिन जयकुमार, निदेशक (मानव संसाधन) बिरंची दास, निदेशक (तकनीकी/योजना-परियोजना) रमेश चन्द्र महापात्र एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी हिमांशु जैन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एसईसीएल मुख्यालय से शुरू होकर रैली एसईसीएल वसंत विहार स्थित रविन्द्र भवन में समाप्त हुई। पूरे रन के दौरान प्रतिभागियों ने जोशो-खरोश के साथ भाग लेते हुए सतर्कता जागरूकता का नारा लगाते रहे। भ्रष्टाचार के खिलाफ संदेश दिया। इस अवसर पर राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कोयला व खान मंत्री जी किशन रेड्डी एवं केंद्रीय सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम में सीएमडी श्री दुहन ने सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि गलत कार्य करना तो भ्रष्टाचार है ही लेकिन अपने कार्य को सही ढंग से ना करना और अपने कर्तव्यों का पालन ना करना भी भ्रष्टाचार है। उन्होंने आयोजन के लिए सतर्कता विभाग की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन, सतर्कता जागरूकता का संदेश जन-जन तक प्रसारित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।




सतर्कता जागरूकता सप्ताह पर निकाली गई रैली।

### चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के फार्मेसी संस्थानों में 80% सीटें फुल

**बिलासपुर।** फार्मेसी शाखा में चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस बिलासपुर के तीनों संस्थानों ने प्रथम चरण की काउंसलिंग में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की है स्कूल ऑफ फार्मेसी, चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज, चौकसे कॉलेज ऑफ फार्मेसी, इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल स्टडीज, कानन पेंड्रारी डिप्लोमा इन फार्मेसी में 100% सीटों पर प्रवेश हुआ है। बैचलर ऑफ फार्मेसी में 80% सीटों पर प्रवेश प्राप्त हुआ है। वहीं मास्टर ऑफ फार्मेसी में 100% सीटें भरी गई हैं। यह उत्कृष्ट उपलब्धि संस्थान के उच्च स्तरीय शिक्षण, अनुभवी प्राध्यापकों, अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के प्रति समर्पण का परिणाम है। अब रिपोर्टिंग प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। जो विद्यार्थी अब भी चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस में प्रवेश लेना चाहते हैं, वे शीघ्र संस्थान से संपर्क कर सकते हैं। संस्थान के सभी कॉलेज फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई से मान्यता प्राप्त हैं।




एजुकेशन प्लस

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, गुरुवार 30 अक्टूबर 2025

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




पुरस्कार

## अब क्षेत्रीय भाषा में बनी फिल्मों को भी मिलेगा राष्ट्रीय अवार्ड

**बिलासपुर।** 72 वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के लिए नियमों में संशोधन हो जाने से अब भाषा में बनी फिल्म पर राष्ट्रीय पुरूस्कार मिलेगा। भारत के आठवीं अनुसूची में दर्ज भाषाओं के अलावा बोली जाने वाली क्षेत्रीय बोली को भी राष्ट्रीय फिल्म अवार्ड में स्थान दिया जाएगा। परंतु इसके लिए उन्हें राज्य के गृह सचिव या कलेक्टर से पत्र लिखवाकर उसे बोली के प्रचलन के बारे में पत्र देना होगा। छत्तीसगढ के कलाकार अखिलेश पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में ऐतिहासिक बदलाव किया गया है जिससे कि अब भारत में बनने वाले विभिन्न बोली की फिल्मों को भी राष्ट्रीय अवार्ड में जगह मिलेगी। उन्होंने बताया कि जब उनका नाम राष्ट्रीय अवार्ड में सम्मिलित नहीं किया गया,तब वह काफी दुखी हुए थे और उन्होंने इस लड़ाई को लड़ने के लिए प्रण लिया और उन्होंने प्रधानमंत्री राष्ट्रपति एवं सूचना एवं प्रसारण मंत्री को पत्र लिखकर सूचित भी किया और उनके इस पत्र ने एक ऐतिहासिक बदलाव हुआ है। अखिलेश ने बताया कि संपूर्ण भारत में ऐसी बहुत सी भाषाएं हैं जिनमें फिल्में बनती हैं परंतु आठवीं अनुसूची में दर्ज न होने की वजह से उन्हें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार में सम्मिलित नहीं किया जाता। इससे वहां के कलाकार राष्ट्रीय पहचान से दूर रहते हैं अखिलेश के इस प्रयास ने संपूर्ण भारत के क्षेत्रीय कलाकारों को अपनी पहचान बनाने का एक नए अवसर दिया है।



**पीएम को पत्र लिख की थी मांग :** छत्तीसगढ़ी भाषा का आठवीं अनुसूची में दर्ज न होने की वजह से उनकी फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड नहीं मिला तब अखिलेश पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चिट्ठी लिखी और बताया कि उनकी फिल्म ने पूरी दुनिया में 63 से ज्यादा अवार्ड जीते हैं और उनके फिल्म का नाम गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज है। उसके बाद भी उनकी फिल्म को राष्ट्रीय अवार्ड में जगह नहीं दी गई। उसके बाद प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को उनका पत्र भेजा गया जिसके बाद अनुसूची में संशोधन किया गया।

विज्ञान मेला

## बाल-वैज्ञानिकों ने मॉडल एवं नाटक से किया आकर्षित



**बिलासपुर।** उन्नत शिक्षा अध्ययन संस्थान में जोन स्तरीय विज्ञान मेले का उद्घाटन डॉ एन के सिंह, प्राध्यापक वनस्पति शास्त्र शासकीय महाविद्यालय सरगांव के द्वारा किया गया। उन्होंने बच्चो को विज्ञान के प्रति रुचि रखने से संबंधित उदाहरण प्रस्तुत किये और आर्शीवाद शुभकामनाएँ प्रदान की संस्था की प्रभारी प्राचार्य अंजना अग्रवाल द्वारा स्वागत उद्बोधन दिया गया। इस विज्ञान मेले में पांच जिले कोरबा, बिलासपुर, सक्ती, जांजगीर और जीपीएस जिले के लगभग 200 किशोर बाल वैज्ञानिक शामिल हुए 6 कथानकों में प्रादर्श और टीम प्रोजेक्ट, व्यक्तिगत प्रोजेक्ट, शिक्षण सहायक सामग्री भी रखी गई। निर्णायकों में डॉ विवेक अम्बलकर, डॉ सुदेशना वर्मा, डॉ विकटा विश्वास, डॉ तोशिमा मिश्रा, डॉ एम एल जायसवाल, डॉ रेणु नायर, शिखा पहारे, राजेश गौराहा, डॉ संजय आयदे, डा नीला चौधरी, डॉ रजनी यादव, डॉ वंदना रोहिल्ला, श्रीमती रशिम पाण्डेय शामिल थे। मंच संचालन पवन पांडेय ने किया। विज्ञान एवं बीएड प्रभारी प्रीति तिवारी, डॉ नीला चौधरी के साथ एन एम रिजवी, करीम खान, डॉ विद्याभूषण शर्मा,डा सलीम जावेद , सोनल जैन, आशा बनाफर, डॉ दुष्यंत चतुर्वेदी, निधि शर्मा आदि आचार्यों ने सहयोग और समन्वय बनाए रखा।

आयोजन

## रंगोली, दीया स्पर्धा में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**बिलासपुर।** शांति निकेतन पब्लिक स्कूल में हाल ही में रंगोली एवं दीया सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी रचनात्मक कला का प्रदर्शन किया। बच्चों ने रंग-बिरंगी रंगोलियों और आकर्षक दीयों के माध्यम से विद्यालय परिसर को मनमोहक रूप से सजाया। शिक्षकों ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उनकी कला और मेहनत की सराहना की। अंत में विजेताओं को प्रमाण-पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों में सृजनशीलता और भारतीय संस्कृति के प्रति प्रेम को बढ़ावा दिया।

**ये रहे विजेता :** दीया सजाओं में नर्सरी से केजी 2 वर्ग में प्रथम परिधि केंवट, द्वितीय ऋषभ कांवर, तृतीय शुभांशी, कक्षा पहली से पांचवीं में प्रथम ऋचा यादव, द्वितीय रिमांशी केंवट, तृतीय चंद्रवीर, कक्षा छठवीं से बारहवीं में प्रथम तनु यादव, द्वितीय वंशिका यादव, वैभव केंवट, रंगोली प्रतियोगिता में कक्षा छठवीं से बारहवीं में प्रथम वंशिका यादव, द्वितीय मोहित साहू, तृतीय श्री यादव, कंप्यूटर इंजीनियर कॉलेज में हुई दीया सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम सुमन साहू, द्वितीय संजना साहू, तृतीय नर्सिंग नायक, रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम गायत्री राजपूत, द्वितीय नेहा साहू, तृतीय स्थान पर प्राची महंत रही।

# गोपाष्टमी पर गौशालाओं में की गई गायों की पूजा

### गौमाता को भोग लगा कर गाए गए भजन

शहर में गोपाष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा व उत्साह से मनाया गया। सभी गौशालाओं में गायों की पूजा कर उन्हें भोग लगाया गया। गौमाता और बछड़ों को सजाया गया।



**बिलासपुर।** हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को गोपाष्टमी मनाई जाती है। यह पर्व भगवान कृष्ण और गौमाता को समर्पित होता है। इस दौरान जगत के पालनहार लीलाधारी भगवान कृष्ण और गौ माता की पूजा की गई। बिलासपुर गौसेवा धाम के गौ सेवकों ने प्रातः गौमाता की पूजा-अर्चना के बाद बिलासपुर गौसेवा धाम से भव्य शोभायात्रा निकाली जो शहर के मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए श्रीराम मंदिर तिलक नगर में समाप्त हुई। शोभायात्रा में बैनर, पोस्टर के माध्यम से गौ रक्षा का संदेश दिया गया। भजन-कीर्तन किया जाता रहा। ढोल, ताशे, डीजे की धुन पर गौ भक्त जमकर थिरके। गौमाता की जय घोष गूंजता रहा। शोभायात्रा में साधु संतों, गौभक्तों की सहभागिता रही।



### श्रीकृष्ण गौशाला में भजन

डेढ़ सौ साल पुराना श्रीकृष्ण गौशाला दयालबंद में बुधवार को गोपाष्टमी मनाई गई। इस दौरान गायों की पूजा कर उन्हें चारा खिलाया गया। भजन मंडली ने भजनों की प्रस्तुति दी। इस मौके पर मंगत राय अग्रवाल, बजरंग अग्रवाल, जुगल गाड़ोदिया, शेखर मुदलियार, कमल सोनी, चतुर्भुज अग्रवाल, वेदप्रकाश अग्रवाल, दीपराज उपाध्याय की उपस्थिति रही।

### वेद पुराण भरा है गौ की महिमा से : गोपाल कृष्ण



बिलासपुर गौसेवा धाम में आयोजित गौकथा में कथावाचक गोपाल कृष्ण रामानुज दास ने गौमाता के महत्व को बताते हुए कहा कि जिस घर में गोमाता का वास है वहां कोई भी विषाणु का प्रवेश नहीं हो सकता है। गाय के आसपास का वातावरण, स्थान सदैव शुद्ध और पवित्र रहता है। जिस स्थान पर गाय का गोमूत्र और गोबर उत्सर्जित गंध आसपास की जहरीली वायु को अवशोषित कर वातावरण को स्वास्थ्यवर्धक रखता है। उन्होंने कहा कि आज लोग अनेक बीमारियों से पीड़ित है। इसका एकमात्र कारण गायों की उपेक्षा है। खेतों में गौवंश की अनुपयोगिता के कारण ही मनुष्यों को सात्विक आहार नहीं मिल पा रहा है। गौवंश भी सड़क पर आ गई और उसकी भी जान जा रही है। यदि आज सरकार पहले की तरह गौ आधारित कृषि को बढ़वा देगी, गौवंश का उपयोग किया जाए, घर-घर में उनकी उपस्थिति होने लग जाए तो काफी हद तक बीमारियों से बचा जा सकता है। गाय धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष इन चारो पुरुषार्थ को देने वाली है। इस चराचर जगत में गौमाता चलता फिरता मंदिर है। सनातन धर्म के समस्त वेद पुराण गौ की महिमा से भरा हुआ है। मनुष्यों के कल्याण के लिए ही समुद्र ने गौमाता को प्राकट्य किया ताकी मनुष्य गौसेवा कर अपने साथ ही जन मानस का कल्याण कर सके। गोबर को गौरी गणेश के रुप में प्रथम पूजनीय स्थान दिया जाता है और गोमूत्र को गंगा जल के समान पवित्र माना गया है।



### दरबार सजा कर भगवान का किया जाएगा अलौकिक श्रृंगार



# श्याम महोत्सव में होगा श्याम पाठ, भजन संध्या

**बिलासपुर।** श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर द्वारा 15 वें श्री श्याम महोत्सव का आयोजन शुक्रवार 31 अक्टूबर से किया जा रहा है। इसके पहले दिन दोपहर 1 बजे से पलाश शर्मा भाटापारा द्वारा श्री श्याम पाठ किया जाएगा।

श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर का आयोजन

श्री श्याम मंदिर परिसर बिलासपुर में आयोजित इस महोत्सव की श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारी की गई है। महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार 1 नवंबर को सुबह साढ़े 10 बजे से एक भव्य निशान यात्रा श्रीराम मंदिर तिलकनगर से निकाली जाएगी जो कि देवकीनंदन चौक, सिम्स चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्याम मंदिर पहुंच कर समाप्त होगी। यहां पहुंच कर श्याम भक्त मंदिर में निशान अर्पित करेंगे। शाम को सवा सात बजे से श्री श्याम भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें कलाकार नेतल शर्मा, गौतम शर्मा, उमेश शर्मा, बुन्दू म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भगवान श्याम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। रविवार 2 नवंबर को भव्य दरबार सजा कर भगवान श्याम का फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया जाएगा। अखण्ड ज्योति प्रज्ज्वलित कर 56 भोग लगाए जाएंगे। प्रातः साढ़े 9 बजे श्री सवामणी भोग लगेगा। सुबह साढ़े 10 बजे से भण्डारा होगा। इसमें सैकड़ों लोग महाप्रसाद ग्रहण करेंगे।

### इनका मिल रहा सहयोग

महोत्सव को भव्य बनाने श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मंगतराय अग्रवाल, सचिव कमल सोनी, कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजेश गोयल, सहसचिव अनिल अग्रवाल, सीताराम माटोलिया, बृजमोहन सोनी, किशोर माटोलिया, मधुसूदन अग्रवाल, सीताराम जोशी, सज्जन अग्रवाल, दीपराज उपाध्याय, राजेन्द्र अग्रवाल, पवन अग्रवाल, कैलाश, सौमित्रा मुरारका, गौतम शर्मा, सुशील अग्रवाल, संजय रजक, योगेश अग्रवाल, सुरेश मुरारका, दीपक खण्डेलवाल, शरद माटोलिया, कैलाश गुप्ता, राजेन्द्र खेड़िया, दीपक मोदी, आनंद सोनी सहित अन्य सभी सदस्यों का सहयोग मिल रहा है।

## मसानगंज मंदिर में आज निकलेगी निशान यात्रा

श्री श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर मसानगंज में गुरुवार 30 अक्टूबर से श्री श्याम वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इस दिन सुबह साढ़े 10 बजे राधा कृष्ण मंदिर मध्यनगरीय चौक से बाजे-गाजे के साथ एक भव्य निशान यात्रा निकाली जाएगी। शुक्रवार 31 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से श्री श्याम पाठ होगा। शनिवार 1 नवंबर को रात्रि साढ़े 8 बजे से मंदिर परिसर में ही भजन संध्या आयोजित की जाएगी। इसमें कलाकार गौरव जोशी, रोहित वस्त्रकार, स्वाती सराफ व हेमंत सोनी द्वारा भगवान श्याम पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

# अक्षय नवमीं पर वृद्धि और रवि योग समेत धनिष्ठा-शतभिषा नक्षत्र का संयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

अक्षय नवमी इस बार 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। नवमीं तिथि की शुरुआत 30 अक्टूबर को प्रातः 10:06 बजे होगी और समापन 31 अक्टूबर को प्रातः 10:03 बजे पर होगा। चूंकि 31 तारीख को उदयातिथि है, इसलिए शास्त्रों के अनुसार इसी दिन व्रत और पूजा का विधान माना गया है। ज्योतिषियों की मानें तो कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमीं तिथि पर वृद्धि और रवि योग समेत कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। वृद्धि योग का संयोग सुबह 6 बजकर 17 मिनट लगभग से पूर्ण रात्रि तक है। साथ ही रवि योग दिनभर है। अक्षय नवमी पर शिववास योग का भी निर्माण हो रहा है। बता दें कि आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है।

गौरतलब है कि अक्षय नवमीं हिंदू धर्म में एक अत्यंत पुण्यदायी और शुभ तिथि मानी जाती है, जो हर साल कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की नवमीं को मनाई जाती है। इस दिन का विशेष महत्व आंवला वृक्ष से जुड़ा है, जिसे दिव्य और औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन आंवले के पेड़ के नीचे बैठकर लक्ष्मी नारायण जी की पूजा की जाती है और वहीं भोजन पकाकर सबसे पहले भगवान विष्णु और शिवजी को भोग अर्पित किया जाता है। यह परंपरा न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति के प्रति सम्मान और श्रद्धा भी दर्शाती है।

### सूर्योदय के आधार पर 31 को अक्षय नवमीं



■ 30 को प्रात : 10 :06 बजे प्रारंभ होगी नवमीं तिथि

### कौलव और तैतिल का भी योग

इस अक्षय नवमीं पर रवि और शिववास योग के साथ कई दुर्लभ और पुण्यकारी योग बन रहे हैं। वृद्धि योग के बाद प्रातः 10:03 बजे तक शिववास योग भी रहेगा, जो पूजा-पाठ और शुभ कार्यों के लिए बेहद फलदायी होता है। इस दिन दो विशेष नक्षत्रों धनिष्ठा और शतभिषा का संयोग बन रहा है, जो शांति और समृद्धि के प्रतीक माने जाते हैं। इसके अलावा, दो शुभ करण कौलव और तैतिल भी इस दिन उपस्थित रहेंगे। इन योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से जीवन में सुख, सौभाग्य और मनोकामनाओं की पूर्ति होती है। शहर के मंदिरों में जहां आंवला के वृक्ष हैं, इस दिन विशेष पूजा होगी।

स्पोर्ट्स न्यूज

### दिव्यांग तैराकों का दबदबा

## परमानंद और अनीता बने सर्वश्रेष्ठ तैराक

**बिलासपुर।** 12वीं राज्य स्तरीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता में दिव्यांग तैराकों का दबदबा रहा पुरुष वर्ग में परमानंद महिला वर्ग में अनीता कुर्रे सारंगढ़ सर्वश्रेष्ठ तैराक रहें। राज्य विकलांग तैराकी संघ पैरा स्पोर्ट्स द्वारा संजय तरण पुष्कर मुंगेली नाका में संपन्न हुआ। उक्त प्रतियोगिता में राज्य के 18 जिलों के दिव्यांग महिला- पुरुष तैराक 165 एवं कोच, मैनेजर सहयोगी 25 कुल 190 ने हिस्सा लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेयर पूजा विधानी, अध्यक्षता डीएफओं नीरज, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष संतोष कश्यप, तिलकेश भावे, अजीत सिंह भोगल रहे। 25 वीं राष्ट्रीय पैरा दिव्यांग तैराकी प्रतियोगिता 15 से 18 नवंबर हैदराबाद में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता के लिए राज्य के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तैराकों का चयन किया गया है। उक्त जानकारी सूरज यादव महासचिव छत्तीसगढ़ विकलांग तैराकी संघ बिलासपुर ने दी।





### विप्र कालेज को हराकर बनाई जगह

## इंटर कालेज वॉलीबॉल में एलसीआईटी फाइनल में

एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस की वॉलीबॉल टीम ने इंटर कालेज वॉलीबॉल पुरुष प्रतियोगिता में डीपी विप्र महाविद्यालय को हराकर फाइनल में प्रवेश किया है।

इस संबंध मे जानकारी देते हुए महाविद्यालय क्रीड़ाधिकारी ओमकार जायसवाल ने बताया की इंटर कालेज वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय लोरमी की मेजाबनी में आयोजित हुआ। वॉलीबॉल प्रतियोगिता मे एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस बिलासपुर की टीम ने पहले मैच मे शासकीय विज्ञान महाविद्यालय मुंगेली को 2-0 के सेट से हराया। क्वाटर फाइनल मैच में शासकीय निरंजन महाविद्यालय कोटा को 2-1 सेट से हराया सेमीफइनल मुकाबले में डी पी विप्र महाविद्यालय को 2-0 से हराकर फाइनल मे प्रवेश किया। टीम मे दिपेन्द्र कंवर (कप्तान), मोहित, हेमंत साहू,अमन भोय, गौरव यादव, पवन चंद्रा, साईं पल्ली व विवेक चंद्रवंशी टीम में शामिल है। इन खिलाड़ियों के फाइनल पहुंचने पर संस्था प्रमुख प्रमोद कुमार जैन, उपसंस्था प्रमुख अंकित जैन, एलसीआईटी ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन सेक्रेटरी उपकार राय, एलसीआईटी कालेज ऑफ़ कॉमर्स एंड साइंस प्राचार्य डॉ अर्चना शुक्ला शुभकामनाएं दी है।





**खबर संक्षेप**

## समाजसेवी धीरज को अटल भारत गौरव सम्मान



**तखतपुर।** नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा आयोजित समारोह में तखतपुर के समाजसेवी धीरज सिंह को अटल भारत गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि असम विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ नुमल मोमिन, बॉलीवुड अभिनेता अली खान तथा दुलियाजान नुमालीगढ़ पाइपलाइन लिमिटेड के अध्यक्ष डॉ विजय कुमार गुप्ता रहे। धीरज सिंह को यह सम्मान उनके 10 वर्षों की सामाजिक सेवा, सामुदायिक विकास और शैक्षिक उत्थान में निरंतर योगदान के लिए प्रदान किया गया। समाज में शिक्षा के माध्यम से परिवर्तन लाने की उनकी प्रतिबद्धता और सामाजिक सशक्तिकरण के प्रति समर्पण को इस सम्मान के माध्यम से सराहा गया।

## कलार समाज ने मनाई ईष्ट देव सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती



**पथरिया।** नगर पंचायत पथरिया में कलार समाज के ईष्ट देव भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन की जयंती धूमधाम से मनाई गई। वार्ड क्रमांक 9 स्थित डड़सेना कलार समाज भवन में महाआरती हुई, इसके बाद आमंत्रित अतिथियों ने कार्यक्रम स्थल मे दीप धूप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नारायण जायसवाल ने कहा कि, भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन और माता बहादुर कलारिन का इतिहास गौरवशाली है, जिस पर हम समाज के लोगों को गर्व है। हमें अपने लोगों की बुराई छांटने के बजाए उनकी अच्छाई ग्रहण करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि, हमें अपने पूर्वजों से मिली संस्कृति और संस्कार को महत्व देना चाहिए, ताकि आने वाली नई पीढ़ी संस्कारवान, गुणवान और धनवान बन सके। इस अवसर पर मुख्य रुप से डड़सेना कलार समाज पथरिया के अध्यक्ष सुमित डड़सेना, सभापति मेलाराम डड़सेना, पार्षद देवेन्द्र डड़सेना, शिवकुमार जायसवाल, बलराम जायसवाल, चंद्रकुमार डडसेना, बलदाऊ जायसवाल, पुरुषोत्तम जायसवाल, मोंटू जायसवाल, बजरंग जायसवाल, रामफल जायसवाल सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## लोकनाथ बने मल्हार मंडल के उपाध्यक्ष



**मल्हार।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व एवं भाजपा जिला बिलासपुर ग्रामीण अध्यक्ष मोहित जायसवाल के निर्देशन में लोकेनाथ बंजारे को भाजपा मंडल उपाध्यक्ष मल्हार के रूप में नियुक्त किया गया है। नव नियुक्त उपाध्यक्ष लोकेनाथ बंजारे ने कहा कि, वे पार्टी के सिद्धांतों एवं वरिष्ठ नेतृत्व के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर भाजपा मंडल मल्हार के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे एवं सभी ने मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रंजीत सिंह, कोषाध्यक्ष दिलीप पांडेय, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, पूरन सिंह ठाकुर, हरनारायण कश्यप, रवि केवर्त, सुरेश बंजारे, रामकुमार पटेल, श्याम घोष, द्वारिका घोष, भेजन टंडन, मानाराम टंडन, सरपंच हरप्रसाद टंडन, नागेन्द्र शर्मा, सुखराम खुटे तथा सहित कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## 300 लीटर महुआ शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**रतनपुर।** रतनपुर पुलिस ने अवैध शराब कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शराब कोचियों से 300 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की है। जब्त की गई शराब की अनुमानित कीमत करीब 60 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने शराब बनाने के बर्तन व अन्य उपकरण भी कब्जे में लिए हैं। पुलिस के अनुसार, ग्राम बछालीखुर्द के ग्रामीणों ने सूचना दी थी कि, गांव में कुछ लोग भारी मात्रा में कच्ची शराब तैयार कर बेच रहे हैं। इससे सामाजिक माहौल प्रभावित हो रहा है। सूचना पर रतनपुर पुलिस की टीम ने मौके पर छापेमार कार्रवाई करते हुए लक्ष्मण सिंह के घर के आंगन से 135 लीटर कच्ची महुआ शराब एवं कामेश्वर राज के घर से 165 लीटर शराब सहित शराब बनाने के उपकरण बरामद किए।

### लोरमी में फैलेगा सड़कों का जाल, 120 करोड़ रुपए की लागत से बनेंगी 5 सड़कें

# डिप्टी सीएम साव ने किया 123 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं स्थानीय विधायक अरुण साव ने बुधवार को लोरमी के भव्य मानस मंच के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कुल 123 करोड़ रुपए की लागत से पांच सड़कों के निर्माण कार्य, चौक-चौराहों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों का लोकार्पण, तथा एक सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। साथ ही लोरमी के जेके अस्पताल में सोनोग्राफी 3 डी डॉपलर मशीन का उद्घाटन किया किया। श्री साव ने कार्यक्रम में आए वरिष्ठ जनों का लोरमी में बेर से बनी प्रभु श्री राम जी की प्रतिमा भेंट की। इसके साथ ही जानकारी दी गई कि आगामी 2 नवंबर को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रसिद्ध कथा वाचक चिन्मयानंद बाबू जी मानस मंच पर श्रीराम कथा का वाचन करेंगे। 10 नवंबर को कथा का समापन होगा। श्री साव ने समस्त लोरमी वासियों को कथा श्रवण के लिए आमंत्रित किया।

कार्यक्रम में श्री साव ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि "लोरमी के मानस मंच का लोकार्पण मेरे लिए अत्यंत हर्ष का विषय है। यह मंच लोरमी नगर की आस्था, श्रद्धा और भक्ति का प्रतीक है। 1982 में स्थापित यह मंच पिछले 45 वर्षों से सतत कथा आयोजन का केंद्र रहा है, जहां नगरवासी और श्रद्धालु बड़े-बड़े विद्वानों से श्रीराम कथा का श्रवण करते आए हैं। उन्होंने कहा कि दीवारों पर श्रीरामचरितमानस के चित्रों के साथ अंकन का उद्देश्य समाज में धार्मिक, नैतिक और सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार करना है। जब लोग इन चौपाइयों को पढ़ेंगे और जीवन में उतारेंगे, तो निश्चित रूप से उनके जीवन में सुख, शांति और सदाचार का संचार होगा। हमारे भगवान श्रीराम जीवन को सतमार्ग की ओर ले जाने वाले आदर्श हैं। इस अवसर पर नगरवासियों ने दीप प्रज्वलन कर अयोध्या के स्वरूप में प्रभु श्रीराम के प्रति श्रद्धा भाव प्रकट किया। मानस मंच परिसर की दीवारों पर श्रीराम जन्म से लेकर राजतिलक तक के प्रसंगों का चित्रण किया गया है।



**इनका हुआ सम्मान:** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने वरिष्ठ राजपुरोहित पं. सच्चिानंद तिवारी, विवेक गिरी महराज , पूर्व विधायक ठाकुर भूपेन्द्र सिंह , कोमल गिरी , राधेश्याम अग्रवाल, रामलाल जायसवाल , रतनमणी केशरवानी, पवन अग्रवाल, रामावतार ध्रुव, बंशी साहू जी, विद्या दुबे , परमानंद तिवारी , उदय साहू , लाखासार, सत्यनारायण तिवारी, जगदीश सोनी अध्यक्ष श्रीराम कथा समिति, महेत्तर कश्यप , शिवकुमार पाण्डेय दर्शन महराज अशोक उपाध्याय , मणिककांत पाठक , राजाराम , लालपुर कला विश्राम तिवारी, लोरमी, लक्ष्मी शर्मा , अदिति तिवारी, शिवकुमार पाठक , विनोद तिवारी , रमाकांत मिश्र , मूलचंद तिवारी, अशोक शर्मा , फणेश्वर पाटले, सुदर्शन साई सहित अन्य का नगर में बनी बेर से बनी प्रभु श्री राम जी की प्रतिमा भेंट की। स्वागत भाषण गुरमीत सलूजा, आर्शीवचन महंत विवेक गिरी महराज ने दिए। पूर्व विधायक ठा भूपेंद्र सिंह ने भी सम्बोधित किया। नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी चंदन शर्मा ने कार्यक्रम में विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए नगर के विकास कार्यों की जानकारी दी। श्री राम कथा आयोजन समिति के अध्यक्ष जगदीश सोनी ने बताया कि 44 वर्ष पहले प्रथम बार आयोजन स्व शंकर लाल अग्रवाल के द्वारा कराया गया था। राम कथा समिति ने भव्य निर्माण के लिये अरुण साव के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किये। संचालन विश्वास दुबे , एवं रिक्की सलूजा ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ठा भूपेंद्र सिंह, महंत विवेक गिरी महराज, कोमल गिरी, धनीराम, जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष सुजीत वर्मा, विनय साहू, नप पूर्व अध्यक्ष अंजना दास, गुरमीत सलूजा, रवि शर्मा, अशोक जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य रतना काठले, अनीता साहू, समुंद सिंद्राम, शांति भास्कर, कुंती जायसवाल , उपाध्यक्ष अशोक जायसवाल, धनीराम यादव, दिनेश साहू, दिनेश कश्यप,सुशील यादव, महाजन जायसवाल, राजेन्द्र साहू,ओंकार खत्री, राकेश छबड़ा, देवेन्द्र गुप्ता, प्रेस क्लब अध्यक्ष सतीश मिश्रा, सचिव नूतन गुप्ता, कृष्णा सोनी, प्रशांत शर्मा, राहुल यादव स्थानीय जनप्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में महिला पुरूष उपस्थित रहे।

### इन कार्यों का हुआ लोकापर्ण व भूमिपूजन

मानस मंच का सौंदर्यीकरण कार्य 1 करोड़ 71 लाख रुपए की लागत से पूर्ण किया गया है। वहीं 45 लाख 47 हजार रुपए की लागत से सार्वजनिक स्थलों एवं चौक-चौराहों में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसके अतिरिक्त 24 करोड़ 14 लाख रुपए की लागत से मुंगेली-लोरमी मार्ग (ग्राम तुलसाघाट से लपटी रपटा तक), 2 करोड़ 62 लाख रुपए में तुलसाघाट से लपटी रपटा मार्ग, 1 करोड़ 99 लाख रुपए में तिलकपुर से झलरी पहुंच मार्ग, 1 करोड़ 37 लाख रुपए में ग्राम अखरार श्मशान घाट पहुंच मार्ग, 1 करोड़ 14 लाख रुपए में ग्राम नवरंगपुर डिंडोरी डी-3 नहर से आवास मोहल्ला तक ब्रिज निर्माण, तथा 70 लाख रुपए में कारीडोंगरी सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही 88 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से बनने वाले लोरमी–पंडरिया मार्ग (शासकीय कॉलेज से गोड़खाम्ही तक फोरलेन सड़क) का भूमिपूजन किया गया।

## गिधवा- परसदा में जैव विविधता, प्रवासी पक्षियों के संरक्षण तथा इको-टूरिज्म को केन्द्र की सहमति



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ के गिधवा-परसदा आर्द्रभूमि को संरक्षित और विकसित करने के लिए कल आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने वन, पर्यावरण एवं जल परिवर्तन मंत्री से मुलाकात की थी। इस पर केन्द्रीय वन मंत्री भुपेंद्र यादव ने केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू को इंदिरा पर्यावरण भवन, नई दिल्ली में आमंत्रित करके गिधवा-परसदा आर्द्रभूमि को अंतरराष्ट्रीय महत्व की "रामसर साइट" के रूप में चिन्हित करने के प्रस्ताव पर सकारात्मक संज्ञान लिया। केन्द्रीय मंत्री ने इस विषय पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को इस दिशा में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया।

- केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू के पहल पर केन्द्रीय वन ,पर्यावरण एवं जल परिवर्तन मंत्री की स्वीकृति

इस बारे में बताते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव का आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने छत्तीसगढ़ की इस अनमोल प्राकृतिक धरोहर के महत्व को समझते हुए इसे वैश्विक मानचित्र पर स्थान दिलाने का मार्ग प्रशस्त किया। यह निर्णय प्रदेश की जैव विविधता, पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन संवर्धन के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।" श्री साहू ने कहा कि "गिधवा–परसदा आर्द्रभूमि में प्रवासी पक्षियों के संरक्षण के साथ-साथ इको-टूरिज्म के नए अवसर खुलेंगे, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार और क्षेत्रीय विकास को नई दिशा मिलेगी। यह केवल पर्यावरणीय नहीं, बल्कि जनगौरव और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का भी सम्मान है।"

## बरेला में छात्राओं प्रदान की गई निशुल्क साइकिल

**जरहागांव।** नगर पंचायत बरेला के शासकीय हाई स्कूल बरेला में सरस्वती साइकिल योजन के तहत निशुल्क वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पंचायत बरेला अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, दीपक अग्रवाल, शाला विकास समिति के अध्यक्ष नोहर सिंह ठाकुर आदि मौजूद रहे। मुख्य अतिथि नरेश पटेल ने शासन की योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि, निशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण योजना छात्राओं के त्मविश्वास को बढ़ाने एवं समय बचत करने के लिए बहुत ही उपयोगी है।

## शासकीय कर्मचारी संघ ने 9 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आह्वान पर जिला शाखा की ओर से 9 सूत्रीय मांगों को लेकर मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। मांगों में प्रमुख रूप से सभी कर्मचारियों के लिए चार स्तरीय वेतनमान, केंद्रीय कर्मचारियों के समान सेवानिवृत्ति पर 240 के स्थान पर 300 दिनों का अवकाश नगदीकरण, केंद्रीय कर्मचारियों के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, पेंशनरों के लिए महंगाई राहत की मांग और कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग मुख्य है। कर्मचारियों ने बताया कि, कर्मचारियों की मांगों के संबंध में छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा विचार करने एवं निर्णय लेने के अभाव के कारण पूरे प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। इसके पूर्व में भी अपनी मांगों के संदर्भ में ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर निर्णय नहीं होने के कारण फिर स्मरण पत्र शासन को प्रेषित किया जा रहा है। यदि समय पर कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं किया जाएगा, तो पूरे प्रदेश के कर्मचारी अनिश्चितकाल कालीन आंदोलन पर चले जाएंगे, किसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन की होगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से संरक्षक अवधेश शुक्ला, जयमंगल सिंह ध्रुव, जिला अध्यक्ष बिंदु भास्कर, जिला सचिव कृष्ण कुमार वर्मा, जिला प्रवक्ता फूलचंद यादव, तहसील मुंगेली अध्यक्ष पीलालाल दिवाकर, तहसील लालपुर अध्यक्ष देवीशंकर यादव, जरहागांव अध्यक्ष ज्वाला प्रसाद साहू, पथरिया अध्यक्ष भुवन बघेल, शिक्षा समिति अध्यक्ष भोलादेव ध्रुव, डीडी भास्कर, व्यास नारायण मनहर, पुरुषोत्तम पांडे, लक्ष्मी नारायण बंजारे, राजेंद्र कश्यप, राजकुमार आनंद, आकाश दत्त, मोहन प्रसाद चतुर्वेदानी, अनिल कुर्रे, पीतांबर सिदार, सहदेव प्रधान अनिल सिह राज, ओमप्रकाश कश्यप, स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ, लक्ष्मी प्रसाद चतुर्वेदी, वेद प्रकाश परिहार, एलपी चतुर्वेदानी, जवाहरलाल डडसेना, अरविंद पांडे सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सरकारी कर्मचारियों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन



**तखतपुर।** मोदी की गारंटी अनुसार शासकीय सेवकों को केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता, वेतन विसंगति प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना सहित 9 सूत्रीय मांगों को लेकर 29 अक्टूबर बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर एलपी श्रीवास, हिमांचल साहू, नीलम राजकुमार, शशिकांत सोनी, विनोद पांडेय, उमर कुरैशी, अरुण कौशिक, सौरभ सिंगरौल, प्रतिभा सिंह, सुनीता ध्रुव,सुलक्षणा खांडे, शकुंतला क्षत्री, सुनीता ध्रुव, रामकुमार साहू, उमर कुरेशी, ओमप्रकाश देवांगन, बंशी लाल तिवारी, खेलन सिंह, राजीव कश्यप, संजय कुमार सोनी, राम किशोर क्षत्रिय, शेखर पांडे, रवि शंकर सिंह, राजकुमार शर्मा, विनोद पांडे, प्रतीक कश्यप, मनीष सिंह, अनुज नवरंग, भंवर सिंह, अमलेश कुमार पाली, रामकुमार यादव, सुलक्षणा खंडे, जलेश्वर, देवकांत सोनी, डीपी तिवारी, योगेश्वर सिंह क्षत्री, इंदिरा कश्यप, धरमपाल बघेल, गजानंद, अमलेश पाली, सुशील साहू, गजेंद्र पांडेय, अरविंद शर्मा, नीलकंठ साहू, रघुराम दुबे, मनीष कुमार सिंह, सुनील कुमार मिश्रा, रोहणी मिश्रा, सुनीता ध्रुव, नंदनी कश्यप आदि मौजूद रहे।

## आपसी गुटबाजी में युवक पर जानलेवा हमला, क्षेत्र में हड़कंप

**लोरमी।** नगर के मुख्य मार्ग पर युवकों के दो पक्षों के बीच भीषण विवाद होने से हड़कंप मच गया। युवकों ने गुपचुप ठेला संचालक एवं उसके अन्य साथी पर रॉड से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक को बिलासपुर रेफर किया गया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 28 अक्टूबर शाम 5 बजे रानीगांव क्षेत्र में मुख्य मार्ग पर महामाया वार्ड निवासी सोम कश्यप पिता स्व संतोष कश्यप 19 वर्ष अपने एक अन्य सहयोगी युवक के साथ गुपचुप ठेला लेकर वापस लौट रहा था। इसी दौरान वार्ड 2 निवासी आरोपी विशाल ध्रुव पिता मनीराम ध्रुव 19 वर्ष व प्रेम सारथी पिता नंद सारथी 20 वर्ष बाइक से राणीगांव शोभा वाटिका के पास पहुंचे और रॉड एवं हथियारनुमा औजार से सोम कश्यप के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया। साथ ही आरोपियों ने दूसरे युवक को भी घायल कर दिया। घटना के बाद एकत्रित भीड़ ने घायलों को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया, जहां से विशाल के सिर में गंभीर चोटे होने की वजह से उसे बिलासपुर सिम्स रिफर किया गया। वहीं एक अन्य युवक का प्राथमिक उपचार कराया गया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई।



पुलिस के अनुसार यह सारा मामला गुटबाजी का है, जिसको लेकर दोनों पक्षों के बीच मारपीट की गई है। पुलिस ने बताया कि, दीपावली के समय उक्त घायल युवक ने अपने साथियों के साथ आरोपी के साथ मारपीट की थी, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई है। मामले पर धारा 126,(2), 296, 115(2), 351(2), 307, 109, 3,5, बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है।

## नाबालिग की अश्लील फोटो-वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार



**मुंगेली।** नाबालिग की अश्लील फोटो व विडियो सोशल मीडिया में वायरल करने एवं दुष्कर्म करने वाले आरोपी को थाना सिटी कोतवाली पुलिस ने पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से एक मोबाईल भी जब्त किया गया। थाना सिटी कोतवाली मुंगेली में 25 सितम्बर को प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि, उसकी नाबालिक लड़की को बदनाम करने के उद्देश्य से आरोपी आशीष वर्मा पिता चैन कुमार वर्मा निवासी नवागांव चीनू ने उसकी आपत्तिजनक अश्लील फोटो सोशल मीडिया में वायरल किया है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 67(बी) आईटी एक्ट एवं 79 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। जांच के दौरान पीडिता का कथन एवं मेडिकल कराया गया। पूछताछ के दौरान पीड़िता ने आरोपी आशीष वर्मा के द्वारा बलात्कार कर अश्लील फोटो इंस्टाग्राम सोशल मीडिया में वायरल करने की जानकारी दी। मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में धारा 64 (च)(झ)(ड) बीएनएस एवं 4,6 पाक्सो एक्ट जोड़ी गई एवं आरोपी आशीष वर्मा को पुणे महाराष्ट्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है।

## 3 को भूख हड़ताल पर रहेंगे मरवाही के वकील

**मरवाही।** मरवाही तहसील में तहसीलदार एवं एसडीएम कोर्ट में हो रही भर्राशाही से त्रस्त वकीलों ने 3 तारीख को भूख हड़ताल में जाने का निर्णय लिया है। गौरतलब हो कि, अधिवक्ता संघ ने विगत 22 अप्रैल को शासन को आवेदन देकर मरवाही तहसील कोर्ट की स्थिति से अवगत कराया था, जिस पर कोई एक्शन नहीं लिया गया। इसके बाद 23 सितंबर को एक बार फिर स्मरण पत्र लिखा गया, लेकिन आज तक कोई सुधार नहीं हुआ। मरवाही बार काउंसिल के वकीलों का कहना है कि, मरवाही तहसील की जो भर्राशाही है, वो अन्यत्र देखने को नहीं मिलेगी। मरवाही नाम मात्र की तहसील है, यहां किसी भी अधिकारी ने अपना मुख्यालय बनाकर नहीं रखा है। सभी पेंड्रा या गौरेला से आना जाना करते हैं। वकीलों ने यहां तक कहा कि, पिछले 2 सालों में राजस्व प्रकारणों में जितनी जनरल डेट मरवाही तहसील बढ़ी होगी शायद ही पूरे छत्तीगढ़ में किसी तहसील में बढ़ी होगी। जिसकी समीक्षा उच्च अधिकारियों ओर विभागीय मंत्री को करनी चाहिए। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नीलेश तिवारी ने बताया कि, तहसील में एसडीएम और तहसीलदार कोर्ट दोनों रेगुलर नहीं लगती। खासकर मंगलवार तो रविवार की तरह है, क्योंकि इस दिन कलेक्टर की टीएल मीटिंग का बहाना होता है। न्यायालय में ऐसी स्थिति है कि, आदेश हेतु प्रकरण रखे हैं, लेकिन आदेश नहीं होता। और आदेश हो गया तो ऑनलाइन नहीं होता। उन्होंने जानकारी दी कि, कई प्रकरण ऐसे हैं, जिनमें बहुत पेशियों से नोटिस नहीं हुई, तो बहुतों में पटवारी, आरआई की रिपोर्ट महीनों से प्रतीक्षा में है। इसी प्रकार बहुत से ऐसे प्रकरण हैं, जिनकी नकल शाखा उपलब्ध नहीं हो पा रही है।

# सिंधी व अग्रवाल समाज पर अभद्र टिप्पणी से लोगों में आक्रोश



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज व अग्रवाल समाज के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज सिंधी समाज के लोगों ने नारेबाजी कर पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर समाज में ऐसे विध्वंस व तनाव पैदा करने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

सिंधी समाज का कहना है कि, छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के अध्यक्ष ने उनके ईष्ट देव भगवान झूलेलाल के विरुद्ध अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी की है। इस दौरान अध्यक्ष राकेश मंदानी, दिलीप तोलानी, किशन सचदेव, डिम्पल मंगलानी, राधेश्याम अग्रवाल, सुदीप गोयल, कैलाश मित्तल, घनश्याम अग्रवाल, शेखर अग्रवाल, कैलाश गर्ग, मोहन अग्रवाल, मुरली गागवानी, नोतन टेकवानी, मुरली रमानी, सुमित सचदेव, मोनू तोलानी, जोगू कारड़ा, प्रकाश चंदानी, दिलीप कारड़ा, धनराज तोलानी, करमचंद टेकवानी, वासु तोलानी, कन्हैया संतानी, दिनेश वाधवानी, गिल्लू कुकरेजा, प्रकाश सिंघानिया, अन्नू ककुरेजा, आकाश सचदेव, दिग्विजय तोलानी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भगवान झूलेलाल पर टिप्पणी से भड़का सिंधी समाज, कार्रवाई की मांग



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रदेश अध्यक्ष अमित बघेल द्वारा सिंधी समाज व उनके ईष्टदेव भगवान झूलेलाल के संबंध में अमर्यादित एवं आपत्तिजनक टिप्पणी करने के विरोध में सिधी समाज मुंगेली ने सिटी कोतवाली पुलिस को ज्ञापन सौंपा। सिंधी समाज ने प्रशासन से मांग की है कि, जल्द से जल्द इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। समाज का कहना है कि, शांति, भाईचारा और राष्ट्रप्रेम में विश्वास रखने वाला सिंधी समाज अपने धर्म और आराध्य देवता के प्रति अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेगा।

## अमित की टिप्पणी से लोगों में नाराजगी, एसपी को सौंपा ज्ञापन



**गौरेला।** सिंधी समाज के आराध्य देव झूलेलाल भगवान, अग्रवाल समाज के आराध्य देव अग्रसेन महराज, जनसंघ के संस्थापक दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विरुद्ध की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर बुधवार को गौरेला के सिंधी समाज अग्रवाल समाज एवं भाजपा नेताओं ने पुलिस अधीक्षक जीपीएम को ज्ञापन सौंप कर कड़ी करने की की मांग की। सिंधी समाज के अध्यक्ष जयप्रकाश शिवदासानी ने मांग करते हुए कहा कि, अमित बघेल के खिलाफ रासुका के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं अग्रवाल समाज के अध्यक्ष दिलीप केडिया अमित बघेल के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की। नगर पालिका अध्यक्ष मुकेश दुबे ने कहा कि, ऐसे लोग राजनीति के चक्कर में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम करते हैं। इनके ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। इस अवसर पर विष्णु अग्रवाल, बृजलाल सिंह राठौर, राजेश अग्रवाल रज्जे, तापस शर्मा, बालकृष्ण अग्रवाल, गोविंद सहाय अग्रवाल, मनोज विश्वकर्मा, अंकुर विश्वकर्मा, रोहणी राठौर, राहुल चतुर्वेदी, भगत मेठवानी, राकेश दुबे, आरेश रामनानी, निखिल गर्ग सहित बड़ी संख्या में सिंधी समाज अग्रवाल समाज और भारतीय जनता पार्टी के नेता मौजूद रहे।

## शिकायत के बाद भी अवैध उत्खनन पर कार्रवाई नहीं



**पथरिया।** ग्राम पंचायत कुकुसदा में सड़क निर्माण कर रहे ठेकेदार द्वारा गांव के तालाब में अवैध खनन कर मुरुम व मिट्टी निकाल कर सड़क किनारे पिचिंग करने की शिकायत ग्रामीणों ने की। शिकायत के बाद भी प्रशासन की ओर से ठेकेदार पर किसी प्रकार का अंकुश नहीं लगाए जाने से गांव के उपसरपंच, पंचों एवं ग्रामीणों में भारी रोष है। ग्रामीणों ने बताया कि, जिला खनिज अधिकारी मुंगेली को लिखित एवं हस्ताक्षरयुक्त शिकायत की गई है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। साथ ही ग्रामीणों ने प्रशासन की ओर से कोई कार्रवाई नहीं करने पर उग्र आंदोलन की चोतावनी दी है।

- आक्रोशित ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों से मिली जानकारी अनुसार, ग्राम कुकुसदा के आश्रित ग्राम पड़रियाझाप से मेड़पार तक लगभग 15 सौ मीटर की सड़क बन रही है, जिसकी लागत लगभग 1 करोड़ 87 लाख है। ग्रामीणों का आरोप है कि, सड़क किनारे और बेस के लिए मुरुम बिछाई जानी थी, लेकिन ठेकेदार मिट्टी बिछा कर अमानक सड़क निर्माण सामग्री का उपयोग कर गुणवत्ताहीन सड़क का निर्माण कर रहा है। खनिज विभाग निष्क्रिय- ग्रामीणों और पंचों ने बताया कि, हमने मुंगेली खनिज विभाग में जाकर लिखित शिकायत की थी, लेकिन खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने कहा कि, रात में खनन होने पर मैं मौके पर नहीं जा सकती।

इस तरह विभाग ने पल्ला झाड़ लिया, जबकि अधिकारी दिन में खनन स्थल का निरीक्षण कर सकते हैं। लोक निर्माण विभाग बेसुध- 1 करोड़ 87 लाख की लागत से डेढ़ किलोमीटर की सड़क बनाई जा रही है, लेकिन ठेकेदार ने मौके पर कोई साइन बोर्ड नहीं लगाया है। वहीं, गुणवत्ता को ताक पर रखकर पैसे बचाने के चक्कर मे सड़क पर मिट्टीयुक्त मुरुम का प्रयोग किया जा रहा है एवं ही सोल्डर में पूरी मिट्टी डाली जा रही है। लोकनिर्माण विभाग के पास इस अनियमितता की कोई जानकारी नहीं है।

### जानकारी नहीं है

मेड़पार से पड़रियाझाप तक की सड़क का काम बिलासपुर के अधिकारी के क्षेत्र में आता है। मुझे निर्माण की जानकारी नही है।

-**मनोज जैन**, एसडीओ पथरिया

### कार्रवाई की जाएगी

ग्रामीणों से अवैध उत्खनन की शिकायत मिली है, जिसकी जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

-**आर चंद्रा**, एसडीएम पथरिया

## नर्मदा नगर चौराहे को निगम ने बना दिया प्रयोगशाला





**बिलासपुर।** शहर के व्यस्त चौराहों में से एक नर्मदा नगर चौराहे को नगर निगम ने प्रयोगशाला बना दिया है, इस चौराहे के एक किनारे पर आए दिन नाला बनाने के लिए खोदाई की जाती है, इससे ट्रैफिक जाम हो जाता है और सैकड़ों लोग परेशान होते हैं। बुधवार को भी चौराहे के एक किनारे पर नाला बनाने के लिए गड्ढा खोद दिया गया और बेरीकेड से सड़क घेर दी गई, सुबह 10 बजे के बाद चौराहे की ट्रैफिक सिग्नल लाइट भी बंद हो गई, जिससे ट्रैफिक जाम हो गया। कई घंटे तक लोग परेशान होते रहे, उसके बाद भी ट्रैफिक पुलिस का कोई जवान मौके पर नहीं पहुंचा। रात तक इस चौराहे पर ट्रैफिक जाम होता ही रहा।

## खबर संक्षेप

### लीलागर नदी में मिली लाश पुलिस जांच में जुटी

**बिलासपुर।** पचपेड़ी थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह लीलागर नदी में युवक का शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज आगे की जांच कार्रवाई में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार पचपेड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बसंतपुर से गुजरी लीलागर नदी में बुधवार सुबह 6.30 बजे आसपास ग्रामीणों ने नदी में बहती लाश देखी। पानी में औंधे मुंह एक अज्ञात युवक का शव मिला। पुलिस के आने के बाद ग्रामीणों ने शव की पहचान गांव के ही तुलसी पटेल पिता स्व.मेलाराम पटेल के रूप में की है। बताया जा रहा है कि वह तीन दिनों से लापता था। जिसकी सूचना ग्राम के कोटवार द्वारा पचपेड़ी पुलिस को दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेज दिया है। वहीं मृतक की मौत किन परिस्थितियों में हुई पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिसिया जांच में स्पष्ट होगी फिलहाल पुलिस जांच में जुट गई है।

### फार्मेसी की छात्रा ने लगाई फांसी

**बिलासपुर।** मस्तूरी थाना क्षेत्र के गांव पेंड्री में फार्मेसी की छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। छात्रा की लाश गर्ल्स हास्टल में मिली है। मृतका की पहचान लोहर्सी सोनी निवासी यामिनी कोशले के तौर पर की गई है। छात्रा सान्दीपनी कालेज में फार्मेसी के फर्स्ट इयर की छात्रा है। पुलिस ने बताया कि छात्रा गुप्ता निजी गर्ल्स हास्टल के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या की है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नीचे उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। छात्रा के आत्महत्या के बाद हास्टल में दहशत का माहौल है।

### पाक्सो एक्ट के तहत आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस ने 2 साल तक नाबालिग के साथ शारीरिक शोषण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोपी लड़की के मोहल्ले में ही रहता है और डरा-धमका कर लगातार उत्पीड़न कर रहा था, लड़की की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई की है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार भारतीय नगर रजा मस्जिद निवासी फरहान खान पिता फैज मोहम्मद उम्र 19 वर्ष मोहल्ले की लकड़ी के साथ लगातार दैहिक शोषण कर रहा था, इस दौरान उसने लड़की को शादी का झांसा देकर अपनी हवस का शिकार बनाया। वही आरोपी पिछले 2 साल से लड़की को बुहला फुंसलाकर उत्पीड़न करता रहा, इसकी भनक परिजनों को लगी, जिसके बाद थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, पुलिस ने मामले की जांच कर आरोपी के खिलाफ पाक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया है।

### घर-घर दरवाजा खटखटाकर रहवासियों से राशन कार्ड, आधार कार्ड मांगे गए

# लिंगियाडीह में हंगामा, सर्वे व नापजोख करने पहुंची निगम की टीम को महिलाओं ने घेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

लिंगियाडीह में निगम का अमला बुधवार को फिर सर्वे करने पहुंचा। घरों- घर दरवाजा खटखटाकर रहवासियों से राशन कार्ड, आधार कार्ड मांगे गए। पूछने पर किसी ने एसईआर के तहत मतदाता सूची की जांच करने तो किसी ने व्यवस्थित बसाहट और पुनर्वास के लिए सर्वे और नापजोख करना बताया। इससे पूरे इलाके में तनाव का माहौल। महिलाओं ने अधिकारियों को घेर लिया और घर से बाहर कर दिया। नापजोख करने पर रोक भी लगाई गई। इस दौरान बड़ी संख्या में महिला और पुरुष पुलिस बल तैनात था। महिलाओं ने बताया कि आधार और राशनकार्ड न देने पर कर्मचारियों ने उन्हें बंगलादेशी और पाकिस्तानी कहा जिससे आक्रोश और भड़क गया। अधिकारियों द्वारा समझाइश दी गई की प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्लम एरिया में रहने वाले लोगों को पक्का मकान दिया जाना है। इसलिए ही सर्वे किया जा रहा है, लोग शांत हुए।

बुधवार को खलबली तब मची जब अमला फिर नापजोख करने पहुंच गया। इस दौरान राशन कार्ड और आधार कार्ड के जरिये मकानों की नम्बरिंग और रजिस्टर में नोट किया जाने लगा। महिलाओ ने इसका विरोध किया कि जब मतदाता सूची को दुरुस्त करने आएं हैं तो नापजोंख क्यों। हंगामा करते हुए यह भी कहा गया कि और कितना और कितने बार नापेंगे। कितनी बार तोड़फोड़ कर परेशान करेंगे। लोगों के आक्रोश को देखते हुए निगम के एक कर्मचारी ने मतदाता सूची का सर्वे करने की बात कही,तो दूसरे ने व्यवस्थित बसाहट और पुनर्वास के लिए सर्वे करने की बात कही।



लिंगियाडीह में सर्वे करती नगर निगम की टीम।

## पूरे इलाके में दिन भर तनाव का माहौल रहा, नापजोख करने पर रोक भी लगाई गई

### प्रारंभिक सर्वे में 113 लोग चिन्हांकित

महिलाओं ने बताया कि आधार और राशनकार्ड न देने पर कर्मचारियों ने उन्हें बंगलादेशी और पाकिस्तानी कहा जिससे आक्रोश और भड़क गया। इस मामले में निगम के जोन क्रमांक 7 के जोन कमिश्नर प्रवीण शर्मा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि शहर को स्लम एरिया मुक्त करने की दिशा में काम चल रहा है। इससे पहले तालापारा,दयालबंद और दूसरे क्षेत्रों में भी सर्वे किया गया है। सभी को पक्का मकान दिए जाएंगे। इससे पहले सर्वे किया जा रहा है और उसी के आधार पर रिपोर्ट बनेगी। यह जानकारी ली जा रही है कि कितने पक्के मकान हैं और कितने कच्चे। कितने परिवार इन स्लम एरिया में रहते हैं। इनमें से कितनों को वहीं तो कितनों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा सकता है। जोन कमिश्नर के मुताबिक प्रारंभिक सर्वे में ऐसे 113 लोगों को चिन्हांकित किया गया।



निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते टीम के सदस्य।

### पक्के मकानों की ले रहे जानकारी

पहले सर्वे किया जा रहा है और उसी के आधार पर रिपोर्ट बनेगी। यह जानकारी ली जा रही है कि कितने पक्के मकान हैं और कितने कच्चे। कितने परिवार इन स्लम एरिया में रहते हैं। इनमें से कितनों को वहीं तो कितनों को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जा सकता है। जोन कमिश्नर के मुताबिक प्रारंभिक सर्वे में ऐसे 113 लोगों को चिन्हांकित किया गया।

- **प्रवीण शर्मा,** जोन कमिश्नर

### 54 क्षेत्रों में 14 हजार 206 झुग्गीवासी परिवार

गौरतलब है कि साल 2018 के सर्वे के मुताबिक शहर के 54 विभिन्न क्षेत्रों में 14206 झुग्गीवासी परिवार रहते हैं। इन परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 7766 आवासों के निर्माण के लिए साल 2017 से काम शुरू किया गया था। योजना के अंतर्गत नूतन चौक और अशोक नगर में आवास आवंटित किए जा चुके हैं। इनमें लोग रहने लगे हैं। इसके साथ ही सर्वे में सकरी, हरश्रृंगार आवास राजकिशोर नगर, वेयर हाउस रोड, बहतराई, रिकांडो चांटीडीह, अशोक नगर, माखनलाल चतुर्वेदी नगर, शिक्षक कालोनी, नेहरू नगर, स्वर्ण जयंती नगर, कोनी, इमलीभाठा, अन्नपूर्णा कालोनी तोरवा, हेमूनगर, बंधवापारा तालाब के पास, प्रगति विहार राजकिशोर नगर में अवैध कब्जे मिले थे।

### पीएम मोदी की सभा में होंगे शामिल

# 15 हजार भाजपाई 1 को जाएंगे राजधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



- भाजपा विधायकों समेत जिलाध्यक्ष व संगठन पदाधिकारियों को जिम्मेदारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ आ रहे है और राजधानी रायपुर में उनका कार्यक्रम होने जा रहा है। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में बिलासपुर जिले से 15 हजार लोगों की भीड़ ले जाने की तैयारी भाजपाई कर रहे हैं। लगभग 154 बड़ी बसों समेत 270 छोटी वाहनों की व्यवस्था की जा रही है और पीएम मोदी की सभा के लिए लोगों की भीड़ जुटाने की जिम्मेदारी भाजपा के विधायकों एवं जिलाध्यक्ष सहित संगठन के पदाधिकारियों को दी गई है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 1 नवंबर को राजधानी रायपुर के कार्यक्रम में बिलासपुर जिले के भी भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता की अच्छी खासी उपस्थिति रहेगी। प्रधानमंत्री मोदी रायपुर में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जिसमें लगभग दो लाख लोगों की भीड़ पूरे प्रदेशभर से पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। प्रधानमंत्री श्री मोदी छत्तीसगढ़ प्रदेश के राज्योत्सव अवसर पर आ रहे हैं इसलिए प्रदेश सरकार समेत सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा भी उनके स्वागत में किसी तरह की कोई कसर छोड़ना नहीं चाहती है। इसलिए उनकी जनसभा में ज्यादा से ज्यादा भीड़ दिखाने की कोशिश है।

न्यायधानी बिलासपुर प्रदेश का दूसरा बड़ा जिला है इसलिए भाजपा सत्ता और संगठन दोनों बिलासपुर जिले से अधिक से अधिक लोगों की भीड़ प्रधानमंत्री की सभा में जुटाने की तैयारी चल रही है।

### नए विधानसभा भवन का करेंगे लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 1 नवंबर को नवा रायपुर स्थित नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद श्री मोदी पहले प्रधानमंत्री होंगे जो छत्तीसगढ़ की विधानसभा में लोकार्पण समारोह में आएंगे। इस अवसर पर श्री मोदी पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी प्रजापिता ब्रम्हकुमारी के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे तत्पश्चात एक विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। इस तरह 1 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी राजधानी रायपुर में कई कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### सुबह 8 बजे रायपुर के लिए रवाना होंगी गाड़ियां

जिले के भाजपा के जितने भी विधायक हैं उनके सहित भाजपा जिलाध्यक्ष शहर व जिलाध्यक्ष ग्रामीण के साथ-साथ संगठन के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बिलासपुर जिले से करीब 15 हजार लोगों की भीड़ ले जाने की तैयारी की जा रही है और इसके लिए 154 बड़ी बसों की व्यवस्था लोगों की भीड़ ले जाने के लिए की जा रही है साथ ही 270 छोटी गाड़ियां भी रहेगी, जिसमें भाजपा नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता जाएंगे। 1 नवंबर को यहां से सुबह करीब 8 बजे ये सारे वाहन लोगों की भीड़ लेकर रवाना होगी और कार्यक्रम से पहले राजधानी पहुंच जाएंगे। ये सभी वाहन अलग-अलग क्षेत्रों से रवाना होगी।

# रात में नोटिस, सुबह होते ही सीमांकन, जमकर मचा हंगामा

### जूना बिलापुर हल्का अंतर्गत करबला का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जूना बिलासपुर हल्का अंतर्गत करबला की बेशकीमती जमीन के सीमांकन के दौरान जमकर हंगामा मचा। लोगों ने आरोप लगाया है कि आरआई द्वारा रात में ही चौहद्दी वालों के नाम पर नोटिस चस्पा किया और सुबह होते ही सीमांकन कर दिया। लोगों ने विवादित भूमि का एक पक्ष के साथ मिलीभगत कर गलत सीमांकन करने का आरोप लगाया है।

करबला स्थित कोदू होटल चौक के पास नीलम कश्यप सहित अन्य लोगों की करीब एक एकड़ से भी अधिक भूमि है। इसी के आसपास शिवप्रताप साव के परिवार की भी भूमि स्थित है। साव पक्ष का आरोप है कि उनकी भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिसके लिए उन्होंने सीमांकन का आवेदन दिया था। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि यहां की जमीन कीमती है, जिससे सीमांकन की पूरी प्रक्रिया सुनियोजित तरीके से कराई गई है। लोगों का आरोप है कि सीमांकन के पूर्व चौहद्दी वालों को कम से कम सात दिवस पूर्व नोटिस दिया जाता है। ताकि लोग उक्त तिथि पर उपस्थित रह सकें। एक नोटिस के बाद लोग यदि उपस्थित न हों तो दूसरी बार भी नोटिस जारी कर सूचना दी जाती है। इसके विपरीत इस मामले में रातोंरात नोटिस जारी किया गया और सुबह होते ही सीमांकन कर दिया गया।

**राजस्व विभाग पर मिलीभगत के आरोप**



### शिकायत नहीं मिली है

एक ही नोटिस के बाद ही सीमांकन नहीं किया जाता। कम से कम दो नोटिस जारी किया जाता है। हालांकि इस संबंध किसी भी पक्षकार की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है।

**-मनीष साहू**
एसडीएम बिलासपुर

### फोटोग्राफी कराई गई है

उक्त भूमि के सीमांकन के संबंध में आरआई द्वारा 26 अक्टूबर को अखबार में इश्तेहार प्रकाशन किया गया था। इसके बाद 27 अक्टूबर को चौहद्दी वालों की सूचना के लिए नोटिस चस्पा किया गया। सीमांकन की फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई है। किसी भी पक्षकार की ओर से फिलहाल कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।

**-प्रकाशचंद्र साहू**
तहसीलदार बिलासपुर

# युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिलासपुर।** धूरीपारा मंगला में एक युवक ने अज्ञात कारणों से घर के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना पर पहुंचे सिविल लाइन पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम किया है।

पुलिस के अनुसार दुर्गा मंदिर के पास धूरीपारा मंगला निवासी सोनू पटेल पिता बिसेन पटेल उम्र 30 वर्ष ने कमरे में बीती रात फांसी लगा ली। सुबह परिजनों को इसकी जानकारी होने पर पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को मौके से कोई सुसाइडल नोट नहीं मिला है। आसपास के लोगों ने बताया कि युवक शादीशुदा था और उसकी एक बच्ची भी थी लेकिन पत्नि पिछले 1 साल से मायके चली गई थी, जिसके बाद से युवक तनाव में रहता था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। परिजनों का कथन लेकर आगे की कार्रवाई करेगी।

कालड़ा हॉस्पीटल
KALDA HOSPITAL
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

# मरणोपरांत फर्जी तरीके से दो लोगों को बेची जमीन

**बिलासपुर।** देवरीखुर्द में जमीन दलाल ने विक्रेता से मिलीभगत कर जमीन अपने नाम रजिस्ट्री करवा ली, मृतका के बेटों ने इसकी शिकायत आईजी कार्यालय में की। तोरवा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ 420 का केस दर्ज कर लिया है।

मामले के अनुसार तोरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरीखुर्द पहन 24 में खसरा नंबर 150/1क रकबा 2700 वर्गफुल जमीन श्रीपति देवी पांडेय पति स्व राम नगीना पाडेंय के नाम दर्ज है। उक्त जमीन आरोपी जुठेलदास एवं दुलारदास के पिता साधराम के द्वारा श्रीपति देवी पांडेय को साल 1987 में बेच दी गई थी। इसका बैनामा भी श्रीपति देवी पांडेय के नाम पर है। मृतका श्रीपति देवी पांडेय की मृत्यु 2022 में हो गई थी, ऐसे में उनके दोनों बेटे व वारिसान शिवाकांत पांडेय और रविंद्रकांत पांडेय के नाम पर दर्ज कर नामांतरण कर दी गई थी। लेकिन जमीन दलाल राजकुमार पंजवानी द्वारा 2024 में उक्त जमीन पर जबरिया कब्जा कर अवैध निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी शिकायत आईजी से की गई थी। जमीन दलाल राजकुमार पंजवानी और साधराम के बेटे दुलारदास द्वारा फर्जी पॉवर ऑफ अटार्नी के सहारे उक्त भूमि को जून 2024 में पंजीकृत करा लिया गया। दलाल व मृतक साधराम के बेटों ने फर्जी दस्तावेज और साधराम को जीवित बताकर जमीन की रजिस्ट्री को अंजाम दिया था। उक्त मामले में पुलिस को जानकारी मिली की जमीन दलाल आकाश मिश्रा, सुनील घोरे तथा पूर्व जमीन मालिक दुलारदास क्रेता राजकुमार पंजवानी व जोहन प्रसाद निषाद को मुख्तियार बनाकर जुठेलदास के मृत्यु पश्चात दिनाँक 03/06/2024 को और पावर ऑफ अटर्नी का दुरूपयोग कर अन्य खसरा नंबर से संबंधित जमीन का उपयोग कर 2700 वर्गफीट जमीन को दो भागो में तोड़कर बेचा गया है। पुलिस ने मामले में आईजी से मिले पत्र पु.अ./बिला./सी.सी/ जनता/ आईजीपी/ सीजे/ 312/ 2025 की जांच की है। जिसके बाद जमीन दलाल आकाश मिश्रा, सुनील घोरे तथा पूर्व जमीन मालिक दुलारदास क्रेता राजकुमार पंजवानी व जोहन प्रसाद निषाद के खिलाफ भूमि हड़पने, जालसाजी करने और मृत व्यक्ति के नाम से धोखाधड़ी करने का अपराध दर्ज करते हुए धारा 420,467, 468,471, 120 बी,34 के तहत एफआईआर दर्ज कर लिया है।

- पुलिस ने दर्ज किया 420 का केस

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
प्लॉस्टिक एवं कॉस्मेटिक विभाग
• जलने के बाद की प्लास्टिक सर्जरी (Contractures)
• दुर्घटना मे कटे अंग तंतु और खून की नसों को जोड़ना
• कास्मेटिक सर्जरी • स्तनों की सर्जरी (Implant)
• मोटापे का ईलाज (लाइपोसक्शन)
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज • गंजेपन का स्थायी इलाज
• चेहरे के फ्रैक्चर का ईलाज (Maxillofacial Surgery)
• मुँह के कैंसर की प्लास्टिक सर्जरी
• कान बनाना, नाक बनाना, (अविकसित एवं चोट ग्रस्त)
• Hypospadias, Vaginoplasty, गुप्त स्थानो की सर्जरी
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 12,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 20 फरवरी 2026 (8 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर), माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 12,100/-, 3 एसी-20,500/-, 2 एसी 25,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411